अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2019-20

विषय : हिन्दी

कक्षा : 9

समय : 2.30 घण्टा पूर्णांक : 40

## खण्ड (क)

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 5

वाणी एक अनमोल वरदान है। कोयल अपनी मीठी वाणी से सबका मन हर लेती है, जबकि कौए की काँव-काँव किसी को अच्छी नहीं लगती। वाणी के बिना सब कुछ सूना है। मीठी वाणी का प्रभाव बहुत व्यापक होता है। मीठी वाणी से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं। मधुर बोलने वाले समाज में बहुत आदर होता है। मधुरभाषी के मुख से निकला एक-एक शब्द सुनने वाले के मन को लुभाता है। इसके संपर्क में आने वाला व्यक्ति उसके वश में हो जाता है। मीठी वाणी केवल सुनने वाले को ही आनंदित नहीं करती वरन् बोलने वाले को भी आनंद पहुँचाती है। तुलसी ने कहा है- 'मीठे वचन तैं सुख उपजत चहुँ ओर'। मृदुभाषी समाज में सद्भावना का प्रसार करता है। कटु भाषा बोलने वाले को अनेक प्रकार की हानियाँ उठानी पड़ती हैं। ऐसे व्यक्ति के लिए ही कहा गया है- 'खीरा का मुँह काट कै, मलियत नौन लगाय। रहिमन कड़वे मुखन कौ, चहियत यही सजाय।' कटु भाषा का प्रयोग काम को बिगाड़ देता है। जहाँ मधुर वाणी अमृत है, वहीं कटु वाणी विष है। कहा भी गया है- 'मधुर वचन है औषधि, कटुक वचन है तीर'।

क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

ख) वाणी की तुलना किससे की गई है? 1

ग) मीठी वाणी की विशेषता लिखिए तथा सुनने वाले पर इसके प्रभाव का उल्लेख कीजिए। 2

घ) 'मधुर वचन है औषधि, कटुक वचन है तीर' का आशय स्पष्ट कीजिए।2

ङ) गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है? 2

## खण्ड (ख)

प्र.2 आपके विद्यालय में पानी पीने की समुचित व्यवस्था ठीक नहीं है। इस कमी की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्राचार्य को पत्र लिखिए। 4

## खण्ड (ग)

प्र.3 क) मूल शब्द एवं उपसर्ग अलग कीजिए– 1

बेशर्म प्रत्यय

ख) मूल शब्द एवं उपसर्ग अलग कीजिए– 1

पारिवारिक

प्र.4 क) समास विग्रह कीजिए। समास का नाम भी बताइए– 1

अकालपीड़ित

ख) समस्त पद बनाइए। समास का नाम भी बताइए– 1

पाँच वटों का समाहार

प्र0 5 वाक्य का भेद बताइए।

क) वाह! कितना सुन्दर फूल है। 1

ख) संभवतः सुमन ने कितना सुन्दर पत्र लिखा होगा। 1

## खण्ड (घ)

प्र.6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

कानपुर में भीषण हत्याकांड करने के बाद अंग्रेजों का सैनिक दल बिठुर की ओर गया। बिठुर में नाना साहब का राजमहल लूट लिया गया, पर उसमें बहुत थोड़ी सम्पत्ति अंग्रेजों के हाथ लगी। इसके बाद अंग्रेजों ने तोप के गोलों से नाना साहब का महल भस्म कर देने का निश्चय किया। सैनिक दल ने जब वहाँ तोपें लगायीं; उस समय महल के बरामदे में एक अत्यंत सुन्दर बालिका आकर खड़ी हो गयी। उसे देखकर अंग्रेज सेनापति को बड़ा आश्चर्य हुआ, क्योंकि महल लूटने के समय वह बालिका वहाँ कहीं दिखाई न दी थी।

क) अंग्रेजों का सैनिक दल कब, कहाँ गया? 1

ख) वहाँ लाकर उस दल ने क्या काम किया? 1

ग) उन्होंने क्या निश्चय किया? 1

घ) अंग्रेज सेनापति को किस बात पर आश्चर्य हुआ और क्यों? 1

प्र.7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 3×2=6

क) किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी?

ख) अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ा?

ग) लॉरेंस की पत्नी फ्रीडा ने ऐसा क्यों कहा होगा कि "मेरी छत्र पर बैठने वाली गौरेया लॉरेंस के बारे में ढेर सारी बातें जानती है?"

घ) सर टॉमस 'हे' के मैना पर दया–भाव के क्या कारण थे?

ङ) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया?

प्र.8 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 4

देख आया चंद्र गहना
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेड़ पर इस खेत की बैठा अकेला
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिगना चना,
बाँध मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का,
सज कर खड़ा है।
पास ही मिल कर उगी है
बीच में अलसी हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नीले फूले फूल को सिर पर चढ़ा कर
कह रही है, जो छुए यह
दूँ हृदय का दान उसको।

क) कवि कहाँ से लौटकर आया है?

ख) कवि कहाँ बैठा है और क्यों?

ग) चने का पौधा कैसा है? उसे देखकर कवि ने क्या कल्पना की है?

घ) अलसी के रूप सौंदर्य का वर्णन करते हुए बताइए कि वह क्या कह रही है?

प्र.9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 3×6

क) मनुष्य ईश्वर को कहाँ–कहाँ ढूँढता फिरता है?

ख) बंद द्वार की साँकल खोलने के लिए ललद्यद ने क्या उपाय सुझाया है?

ग) ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन–किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

घ) हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है?

ङ) सरसों को सयानी कहकर कवि क्या कहना चाहता होगा?

प्र.10 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है'– इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए। 2

अथवा

लेखिका की माँ परम्परा का निर्वाह न करते हुए भी सबके दिलों पर राज करती थीं। इस कथन के आलोक में लेखिका की माँ की विशेषताएँ लिखिए।

*****

द्वितीय आवधिक परीक्षा (2018-19)
विषय - हिन्दी
कक्षा - नवीं

समय - 1½ घन्टा  पूर्णांक - 40

## संक्षिप्त संभावित उत्तरमाला

(खण्ड क)

उत्तर ① (क) मधुर वाणी का महत्व 1
(ख) अनमोल वरदान से 1
(ग) मीठी वाणी सुनने में अच्छी लगती है। इससे सभी कार्य सिद्ध हो जाते है। मीठी वाणी बोलने वाले का समाज में आदर होता है। सुनने वाला व्यक्ति भी मीठी वाणी के वश में हो जाता हैं। 2
(घ) मीठी वाणी सुनने वाले का दुख दूर कर उसे राहत पहुँचा कर औषधि का काम करती है। जबकि कड़वी वाणी तीर के समान पीड़ा पहुँचाने वाली होती है। 2
(ङ) हमें सदैव मीठी वाणी बोलनी चाहिए। कड़वी बोली का प्रयोग भूलकर भी नहीं करना चाहिए। 2

(खण्ड ख)

उत्तर 2:- पत्र
1. आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ 2
2. विषय सामग्री 2

(खण्ड ग)

उत्तर 3:- (क) बे - उपसर्ग, शर्म - मूल शब्द 1
(ख) परिवार - मूलशब्द, इक प्रत्यय 1

उत्तर 4:- (क) तत्पुरुष समास, अकाल से पीड़ित 1
(ख) द्विगु समास  पंचवटी 1

~~उत्तर (5) वाक्य का भेद...~~ ।
उत्तर 5- (क) विस्मयादिबोधक वाक्य 1
(ख) संदेहवाचक 1

खण्ड घ

उत्तर 6:- (क) विदुर की ओर 1

आश्चर्य हुआ। क्योंकि महल को लूटते समय बालिका महल में कहीं भी दिखाई नहीं दी।

उत्तर 7: (क) दोनों बैल हल या गाड़ी में जोते जाने पर यही चेष्टा करते थे कि ज्यादा से ज्यादा बोझ उसी की गर्दन पर रहे।

(ख) मोती हीरा को कांजीहौस में अकेला छोड़कर नहीं भागा जबकि उसके सामने ऐसा करने का अवसर था।

(ख) तिब्बत की कड़ी धूप का सामना करना पड़ा।
भार ढोने के लिए कोई भरिया नहीं मिला।
लेखक को डाकुओं के सामने भीख माँगने का नाटक करना पड़ा
झोपड़े में ठहरना पड़ा
घोड़ा धीरे चलने के कारण मार्ग में पिछड़ गया।

(ग) फ्रीडा ने कहा लॉरेंस का जीवन खुली किताब के समान था वह बहुत खुला-खुला और सादा आदमी था। उसके बारे में पक्षी तक सब कुछ जानते थे। उसने यह भी कहा कि छत पर बैठने वाली गौरैया लॉरेंस के बारे में ज्यादा जानती है, शायद मुझसे भी ज्यादा।

(घ) एक नीले रंग की गौरैया उनकी गन से बचपन में घायल होकर गिर गई। इसी घटना ने सालिम अली की दिशा बदल दी।

(ङ) मैना उनकी पुत्री की सहेली थी। बचपन में वे उसके घर जाते थे। मैना के पास उनकी पुत्री की चिट्ठी ~~भी~~ थी।
मैना की अल्पवयस्क आयु देखकर भी उन्हें दया आ गई।

प्रश्न 8 उत्तर: (क) कवि चंद्रगहना नामक स्थान से। 1
(ख) कवि मेड़ पर बैठा है क्यों कि अभी उसकी ट्रेन आने में देर है और वह प्रकृति के दर्शन का आनंद लेना चाहता है। 1
(ग) चने का पौधा एक बीते के बराबर, ठिगना है। उसे देखकर,

कवि ने यह कल्पना की है वह गुलाबी रंग के फूल की पगड़ी बाँधकर दूल्हे के रुप मे खड़ा है।

(ख) अलसी पतली है, उसकी कमर लचीली है, शिर पर नीले रंग का फूल सजा है।
वह यह कह रही है जो उसका स्पर्श करेगा वह उसे हृदय का दान दे देगी।

उत्तर 9:- (क) मनुष्य ईश्वर को मंदिर, मस्जिद, काबा, कैलाश आदि स्थानो पर ढूँढ़ता फिरता है।

(ख) अंत:करण एवं बाह्य इंद्रियो पर काबू पा, मध्यम मार्ग अपना। इसी से बंद द्वार की साँकल खुल जायेगी अर्थात ज्ञान की प्राप्ति होगी। अज्ञान के कारण तेरा जो रास्ता बंद है, वह ज्ञान के आते ही खुल जायेगा।

(ग) गोकुल गाँव में नन्दबाबा की गाय, मनुष्य का ~~जन्म~~ जन्म लेने पर ग्वाला, पत्थर बनने पर गोबर्धन पर्वत का पत्थर, पक्षी बनने पर कालिन्दी नदी के तट पर कदम्ब के वृक्ष पर घोंसला बनाकर रहना चाहता है।

(घ) क्योंकि इसे कैदियों ने हाथों और पैरों मे भार न समझकर गहनों की भाँति धारण कर रखा है। क्यों कि ब्रिटिश सरकार के आदमी पराधीनता के खिलाफ आवाज उठाने पर जेलों मे डाल देती थी। और हमारे स्वतंत्रता सेनानी खुशी-खुशी हथकड़ियाँ स्वंय पहन लेते थे।

उत्तर 10:- सरसों को 'सयानी' कहकर कवि उसके पकने की बात करना चाहता है। उसके पीले रंग को देखकर कवि को लगता है कि वह विवाह योग्य हो गयी है और विवाह- मंडप में पधारी है।

उत्तर 10: लेखिका जब कर्नाटक के एक छोटे कस्बे बागलकोट में थी तब वहाँ कोई ढंग का स्कूल न था। उसने कैथोलिक बिशप से स्कूल खोलने की प्रार्थना की, पर वे बच्चों की संख्या कम होने के कारण स्कूल नहीं खोलना चाहते थे। उसने अपने प्रयासों से स्कूल खोलकर कर्नाटक सरकार से मान्यता दिला दी। 2

अथवा

वे सुन्दर व्यक्तित्व की स्वामिनी थी। वे खूबसूरत और नाजुक थी। उनकी ईमानदारी, निष्पक्षता एवं सच्चाई सभी को प्रभावित करती थी। उनकी सलाह का सभी सम्मान करते थे। वे दूसरों की गोपनीय बातों को दूसरों पर प्रकट नहीं करती थीं।

समाप्त

सुरेखा मिश्रा
टी.जी.टी (हिन्दी)